an>

Title: Need to provide funds for repair of N.H. No. 29.

श्री कमलेश पासवान (बासगाँव) : महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में एन.एच. 29 सारनाथ से गोरखपुर होते हुए लुम्बनी व कुशीनगर को जाता है तथा यही सड़क इलाहाबाद सहित कई महत्वपूर्ण बौद्ध स्थलों एवं व्यावसायिक केन्द्रों को भी जोड़ती है। यह सड़क वर्तमान समय मे काफी जर्जर व गड्ढा युक्त हो गयी है, कहीं-कहीं तो यह सड़क पांच-पांच फीट लम्बे-चौड़े गड्ढे में तब्दील हो गयी है। खराब सड़क होने के कारण आए दिन दुर्घटना व रास्ता जाम लगा रहता है।

मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि एन.एच. 29 को अविलम्ब आर्थिक सहयोग देकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, जिससे जनहित में आए दिन हो रही दुर्घटना व जाम को रोका जा सके।